
पंजाब केसरी 20/08/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में कम लागत में स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन विषय पर हुआ कार्यक्रम

अम्बाला, 19 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वूमैन सैल और एपैक्स एस.डी.जी. चैम्पियन-2025 के सहयोग से मंगलवारर को कम लागत में स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग की वाइस प्रिंसीपल डा. रामा रानी द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को जागरूक किया गया।

डा. रामा रानी ने स्वच्छता और भोजन सुरक्षा के बारे में बताते हुए स्थानीय एवं मौसमी सब्जियों का उपयोग कर कम लागत में पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस तरह के आयोजन को प्रोत्साहित करते हुए वूमैन सैल की संयोजिका डा. नेहा अग्रवाल को आने वाले समय में इस तरह के आयोजन करवाते रहने के लिए प्रेरित किया। अंत में, इस कार्यक्रम की सह संयोजिका डा. नीना द्वारा मुख्य वक्ता और अन्य सभी सहयोगियों का धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर वूमैन सैल के सदस्य डा. सरोज, डा. रवनीत कौर और जसप्रीत उपस्थित रहे।



जी.एम.एन. कॉलेज में कम लागत में स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन विषय पर व्याख्यान देती वक्ता। (ब्रजमोहन)